## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**Decipher Prostate का ऑर्डर कौन देता है?**

Decipher Prostate का ऑर्डर आपके डॉक्टर या प्रदाता द्वारा ही दिया जाना चाहिए। किसी अतिरिक्त प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं होती है।

**मेरे Decipher Prostate परीक्षण के परिणाम प्राप्त होने में कितना समय लगता है?**

आपके Decipher Prostate परीक्षण के परिणाम, ऑर्डर दिए जाने की तिथि के लगभग **2-3** सप्ताह बाद आपके डॉक्टर को उपलब्ध करा दिए जाते हैं।

**क्या Decipher Prostate मेरे डीएनए की जाँच करता है?**

नहीं, Decipher Prostate ट्यूमर के आरएनए का मापन करके जीन अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन) का मूल्यांकन करता है। इससे ट्यूमर की गतिविधि या व्यवहार की एक झलक प्राप्त होती है।

**ट्यूमर जीनोमिक परीक्षण क्या है?**

ट्यूमर जीनोमिक परीक्षण जीनों को देखकर पता लगाता है कि वे कैसे परस्पर संबंधित हैं और कि कैंसरग्रस्त ऊतक के भीतर उनकी अभिव्यक्ति या गतिविधि क्या है। इससे रोग के व्यवहार, जैसे कि उसकी आक्रामकता, को निर्धारित करने में मदद मिल सकती है।

**मेरा Decipher स्कोर निर्धारित करने के लिए किस जानकारी का उपयोग किया जाता है?**

आपका Decipher स्कोर आपके प्रोस्टेट कैंसर ट्यूमर की 22 जीनों की अभिव्यक्ति से प्राप्त किया जाता है, और इसमें ग्लीसन स्कोर या PSA स्तर जैसी किसी भी अन्य नैदानिक जानकारी पर विचार नहीं किया जाता है।

## हमसे संपर्क करें!


client.service-urology@veracyte.com

1.888.792.1601

https://decipherbio.com/decipher-prostate/patients/decipher-prostate-overview/ या

क्यूआर कोड स्कैन करें


## दिशानिर्देश और कवरेज

- प्रोस्टेट कैंसर के लिए NCCN क्लीनिकल प्रैक्टिस गाइडलाइन्स इन ऑन्कोलॉजी (NCCN Guidelines®) व AUA/ASTRO दिशानिर्देशों में शामिल
- पूरे अमेरिका भर में स्थानीयकृत प्रोस्टेट कैंसर व प्रमुख बीमा योजनाओं वाले सभी लाभार्थियों के लिए मेडिकेयर द्वारा कवर किया जाता है
- Veracyte Access कार्यक्रम के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध है।

क्यूआर कोड का उपयोग करके आवेदन पत्र को डाउनलोड करें

| परिवार का आकार | रोगी के लिए लागत | | |
|---|---|---|---|
| | **$0** | **$100** | **$295** |
| 1 | $45,180 | $52,710 | $60,240 |
| 2 | $61,320 | $71,540 | $81,760 |
| 3 | $77,460 | $90,370 | $103,280 |
| 4 | $93,600 | $109,200 | $124,800 |
| 5 | $109,740 | $128,030 | $146,320 |
| **2024** अधिकतम पारिवारिक आय* | | | |

NCCN = National Comprehensive Cancer Network® (NCCN®).
प्रोस्टेट कैंसर के लिए NCCN क्लीनिकल प्रैक्टिस गाइडलाइन्स इन ऑन्कोलॉजी (NCCN Guidelines®) V.3.2024 की अनुमति के साथ संदर्भित। © National Comprehensive Cancer Network, Inc. 2024. सर्वाधिकार सुरक्षित। 22 मार्च 2024 को एक्सेस किया गया। दिशानिर्देशों का नवीनतम और पूर्ण संस्करण देखने के लिए, NCCN.org पर जाएँ। NCCN अपनी विषयवस्तु, उपयोग या अनुप्रयोग के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी वारंटी नहीं देता है और किसी भी तरह से उनके अनुप्रयोग या उपयोग के प्रति किसी भी उत्तरदायित्व को अस्वीकार करता है।

*Veracyte Access संबंधी पात्रता कुल वार्षिक पारिवारिक आय, बीमा की स्थिति, और परिवार के आकार पर आधारित होती है। पात्रता संबंधी कुछ प्रतिबंध लागू होते हैं। पात्रता रखने वाले आवेदनकर्ताओं को Veracyte कुछ Decipher परीक्षण कम कीमत पर प्रदान करता है, सिवाय जहाँ वे अन्यथा प्रतिबंधित हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया और प्यूर्टो रिको के निवासी आवेदन करने के पात्र हैं। Veracyte Access किसी भी प्रकार का स्वास्थ्य बीमा नहीं है। आपको ऊपर उल्लिखित आय संबंधी कुछ आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। हम आपकी आय को सत्यापित करने के लिए दस्तावेजों का अनुरोध कर सकते हैं, जिनमें हाल ही में दाखिल की गई कर विवरणी (टैक्स रिटर्न) और अन्य सहायक दस्तावेज शामिल हैं। सहायता का अनुरोध करके, आप अपनी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार प्रमाणित करते हैं कि आप सहायता पाने के पात्र हैं तथा ऑर्डर किए गए परीक्षण का भुगतान करने हेतु आपके पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं हैं। हम इस कार्यक्रम को बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय बंद या परिवर्तित कर सकते हैं।


© 2024 Veracyte, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित, Decipher, Veracyte और Veracyte लोगो ये सभी Veracyte के पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं। Decipher Prostate, संयुक्त राज्य अमेरिका में Veracyte की CLIA-विधिमान्यकृत प्रयोगशाला विकसित परीक्षण (LDT) सेवा के हिस्से के रूप में उपलब्ध है, और FDA की अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

MRKT-FRM-10040-HI

veracyte

# Decipher® Prostate

## Genomic Classifier




**अपने डॉक्टर से बात करें कि Decipher Prostate, प्रोस्टेट कैंसर संबंधी आपकी देखभाल के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने में किस प्रकार मदद कर सकता है।**

## Decipher Prostate के बारे में

- यह 22 जीन वाला एक जीनोमिक परीक्षण है जो आपके ट्यूमर के आणविक अभिलक्षणों पर नजर डालता है ताकि उसकी **आक्रामकता** का या उसके प्रोस्टेट के बाहर फैलने की संभावना का आकलन किया जा सके।
- इसका परिणाम 0 से लेकर 1 तक की एक संख्या (आपका Decipher स्कोर) होती है, जिसे Decipher अल्प जोखिम, Decipher **मध्यम जोखिम** या Decipher उच्च जोखिम के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
- परीक्षण आपकी बायोप्सी या रेडिकल प्रोस्टेटेक्टोमी (प्रोस्टेट को हटाने की शल्यक्रिया) से प्राप्त मौजूदा प्रोस्टेट ट्यूमर ऊतक पर किया जाता है।

किसी अतिरिक्त प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं होती है।




एक उच्चतर स्कोर अधिक आक्रामक ट्यूमर को दर्शाता है।

एक अल्प स्कोर कम आक्रामक ट्यूमर को दर्शाता है।

## मेरे डॉक्टर ने Decipher Prostate का ऑर्डर क्यों दिया?

इससे पहले कि आप व आपके डॉक्टर तय करें कि आपके प्रोस्टेट कैंसर का प्रबंधन किस प्रकार किया जाए, आपके डॉक्टर आपके ट्यूमर के बारे में सारी उपलब्ध जानकारी पर विचार करके आपके **जोखिम स्तर** का आकलन करेंगे, जिसमें शामिल है आपका:

- » ग्लीसन स्कोर,
- » प्रोस्टेट विशिष्ट एंटीजन (पीएसए) स्तर व
- » नैदानिक चरण।

अकेले इन कारकों के आधार पर, यह हमेशा स्पष्ट नहीं हो पाता है कि **क्या** या **कब** उपचार की आवश्यकता है, और यदि है तो, **कितना** उपचार आवश्यक है।





**आपके ट्यूमर के जीवविज्ञान के बारे में अधिक जानकारी (यानी, आपका Decipher स्कोर)** आपके लिए सबसे अच्छी प्रबंधन योजना निर्धारित करने में मदद कर सकती है।

## मेरे Decipher Prostate परीक्षण के परिणामों का उपयोग किस प्रकार किया जाएगा?




Decipher उच्च-जोखिम अतिशीघ्र या गहन उपचार पर विचार किया जा सकता है

Decipher अल्प-जाखिम रोगी कम गहन या कम समग्र उपचार पर विचार कर सकते हैं




**अपने डॉक्टर से बात करें कि Decipher Prostate आपकी प्रोस्टेट कैंसर संबंधी देखभाल के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने में किस प्रकार मदद कर सकता है।**